**महापत्तन न्यायनिर्णायक बोर्ड में हर घर तिरंगा 2026 अभियान का उत्साहपूर्वक आयोजन**
**18 अगस्त, 2026**

**महापत्तन न्यायनिर्णायक बोर्ड** ने **09 से 17 अगस्त, 2026** तक **हर घर तिरंगा (HGT)-2026 अभियान** का आयोजन किया तथा राष्ट्रीय ध्वज के राष्ट्रव्यापी उत्सव में सहभागिता करते हुए देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामूहिक भागीदारी की उस भावना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की, जिसे यह अभियान बढ़ावा देता है।

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय** तथा **संस्कृति मंत्रालय** के निर्देशों के अनुपालन में, एबीएमपी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा इसे पूर्ण उत्साह एवं भावना के साथ मनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस पहल का उद्देश्य केवल तिरंगे का प्रदर्शन करना ही नहीं, बल्कि इसके प्रतीकात्मक महत्व को राष्ट्रीय गौरव और नागरिक उत्तरदायित्व की साझा भावना में रूपांतरित करना भी था।

अभियान के अंतर्गत **एबीएमपी कार्यालय के स्वागत क्षेत्र में पूरे अभियान काल के दौरान राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया**। अभियान का प्रचार-प्रसार एबीएमपी की **आधिकारिक वेबसाइट** के माध्यम से भी किया गया तथा वेबसाइट के संबंधित अनुभागों में **हर घर तिरंगा-2026 अभियान का बैनर** प्रदर्शित किया गया।

एबीएमपी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को **'तिरंगे के साथ सेल्फी' (Selfie with Tiranga)** अभियान में भी भाग लेने तथा अपनी तस्वीरें **हर घर तिरंगा पोर्टल** पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे राष्ट्रीय अभियान के व्यापक डिजिटल जनसंपर्क में उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर **एबीएमपी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में वंदे मातरम् तथा राष्ट्रगान 'जन गण मन' का सामूहिक गायन किया गया**। इस अवसर ने एबीएमपी परिवार के सदस्यों को एक साथ आकर **राष्ट्रीय गौरव की साझा भावना व्यक्त करने तथा तिरंगे द्वारा प्रदर्शित एकता, सम्मान, बलिदान और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने** का अवसर प्रदान किया।

हर घर तिरंगा अभियान में एबीएमपी की सहभागिता इस प्रयास को दर्शाती है कि राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों को केवल औपचारिक अवसरों के रूप में न मनाकर, उन्हें उन **मूल्यों और आदर्शों की सार्थक संस्थागत अभिव्यक्ति** के रूप में मनाया जाए, जो राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं।

**– महापत्तन न्यायनिर्णायक बोर्ड**

**ABMP Observes Har Ghar Tiranga 2026 with Patriotic Fervour**

18 August 2026

The Adjudicatory Board for Major Ports (ABMP) observed the Har Ghar Tiranga (HGT)-2026 Campaign from 9 to 17 August 2026, joining the nationwide celebration of the National Flag and reaffirming its commitment to the spirit of patriotism, national unity and collective participation that the campaign seeks to foster.

Pursuant to the directions of the Ministry of Ports, Shipping and Waterways and the Ministry of Culture, officers and staff of the ABMP were encouraged to participate actively in the campaign and to observe it in its true spirit. The initiative sought not merely to display the Tricolour, but to translate its symbolism into a shared expression of national pride and civic responsibility.

As part of the observance, the National Flag (Tiranga) was prominently displayed at the reception area of the ABMP Office throughout the campaign period. The campaign was also publicised through the official website of the ABMP, with the HGT-2026 campaign banner on the relevant sections of the website.

Officers and staff of the ABMP were further encouraged to participate in the 'Selfie with Tiranga' campaign and upload their photographs on the Har Ghar Tiranga Portal, thereby contributing to the wider digital outreach of the national campaign.

On this occasion, Vande Mataram and the National Anthem, Jana Gana Mana, were sung by the officers and staff of the ABMP at the office. The occasion provided an opportunity for the members of the ABMP family to come together in a shared expression of national pride and to reaffirm their commitment to the values symbolised by the Tricolour—unity, honour, sacrifice and an abiding devotion to the nation..

The ABMP's participation in the Har Ghar Tiranga campaign reflects its endeavour to ensure that national observances are marked not merely as formal occasions, but as meaningful institutional expressions of the values and ideals that bind the country together.

- Adjudicatory Board for Major Ports